नवदुनिया 15
भोपाल, शनिवार 04 अगस्त 2018

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत गर्ल्स कॉलेज में हुआ सेमिनार



सीहोर। गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सेमिनार में छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए।

सीहोर। महिला एवं बाल विकास द्वारा 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। दूसरे दिन शुक्रवार को कन्या महाविद्यालय में सेमिनार और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन आयुक्त महिला एवं बाल विकास डॉ. अशोक कुमार भार्गव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक भोपाल स्वर्णिमा शुक्ला, संयुक्त संचालक संचालनालय भोपाल सुरेश सिंह तोमर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य सुमन कंजा विशेष रूप से मौजूद रहीं। आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में किया। विद्यार्थिनियों को संबोधित करते हुए आयुक्त ने स्तनपान के महत्व एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में इसके योगदान तथा विभाग द्वारा स्तनपान के विषय में जागरूकता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरा श्रीवास्तव ने स्तनपान के तरीके, समय, स्थिति के विषय पर व्याख्यान दिया। पेंटिंग, निबंध लेखन, नारे लेखन, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। पेंटिंग में सुरभी चौरसिया, नारे लेखन में रिचा नामदेव, निबंध में निधि राजौरिया, रंगोली में मेघा व श्वेता तथा क्विज में किरण अहिरवार, स्वाति चंद्रवंशी, मेघा जाटव की टीम को प्रथम पुरस्कार दिया।

विश्व स्तनपान सप्ताह पोस्टर प्रतियोगिता






दैनिक भास्कर

भोपाल, गुरुवार 21 जून, 2018 | 16

# नियमित योग करने से स्वास्थ्य के साथ याददाश्त भी बढ़ती है, चश्मा नहीं लगता

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय योग विषय पर हुई कार्यशाला

भास्कर संवाददाता | सीहोर



शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक विनोद कौशल ने कहा कि नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ तो रहता ही है। साथ ही याददाश्त भी बढ़ती है। योगासन के माध्यम से हम आंखों की रोशनी भी बढ़ा सकते हैं। इससे चश्मा भी नहीं लगेगा।

गर्ल्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग विषय पर व्याख्यान एवं परिचर्चा आयोजित की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। योग प्रशिक्षक श्री कौशल ने यम, नियम, प्राणायाम, धारण आदि को विस्तार से बताया।

साथ ही योग से होने वाले समस्त लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने व अलग-अलग योगासन से मानव शरीर में में कई लाभ होते हैं। योग से याददाश्त बढ़ना, आंखों से चश्मा उतरना, नियमित दिनचर्या होना व व्यक्ति इससे स्वस्थ रहता है। इस मौके पर छात्राओं में शकुंतला मीणा, विद्या मीणा, नेहा परमार, अश्विनी ने योग से संबंधित प्रश्न भी पूछे।

अंत में श्री कौशल ने समस्त स्टॉफ और छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री आदि उपस्थित थीं।

सेमीनार (20.6.18)





योग दिवस (21.6.18)





भोपाल, बुधवार 21 नवंबर 2018
haribhoomi.com

# मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधानसभा निर्वाचन-2018 में जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े के निर्देशानुसार स्वीप के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।



सीहोर। मतदान जागरुकता के लिए रैली निकालती छात्राएं।

रैली के दौरान महिला मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए समझाया गया कि उनका एक-एक वोट निर्णायक होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से निर्णय लेकर नैतिक मतदान करना चाहिए। लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

छात्राएँ संकल्प पत्र भरवाते हुए एवं जानकारी देते हुए





16 नवदुनिया
भोपाल, गुरुवार 07 फरवरी 2019

**सड़क सुरक्षा** सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

# रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

एसपी राजेश सिंह चंदेल, एएसपी समीर यादव, आरआई दीपक पाटिल के सहयोग और यातायात प्रभारी सीहोर देव नारायण पांडे के मार्गदर्शन में आवासीय विद्यालय प्राचार्य आलोक शर्मा, कौशल विकास केंद्र सीहोर के सहयोग से, देवास भोपाल कोरीडोर प्रलि राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली की शुरुआत भोपाल चौराहा से एसपी राजेश सिंह चंदेल ने हरी झंडी दिखा कर की। इस दौरान चार पहिया वाहन चालकों , बाइक चालकों ,युवाओं, ग्रामीणों और शहरी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। भोपाल देवास हाईवे के फिरोज खान, उमा शंकर पांडे और यातायात प्रभारी सीहोर देव नारायण पांडे ने हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी उपस्थित लोगों से गति सीमा का ध्यान रखने, सही समय और सही जगह पर ओवर टेक करने के निवेदन के साथ बताया की हमारा फर्ज है कि लोगों को दुर्घटना के शिकार होने से बचाएं। महाप्रबंधक किरन बाबू, आशीष थीटे ने बताया की कम्पनी का उद्देश्य लोगों को मानव जीवन मूल्य व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना है, ताकि आम जन हेल्मेट, सीटबेल्ट, गतिसीमा, ओवर टेक, मोबाइल पर बात न करें, बाईक पर तीन सवारी न बैठाएं, रात्रि में डीपर का प्रयोग करने आदि यातायात नियमों का महत्व समझे। जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सड़क सुरक्षा सप्ताह के मौके पर वरिष्ठ चिकित्सहित बड़ी संख्या में एनसीसी के कैडेटस मौजूद थे।



सीहोर। जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया।

यातायात सुरक्षा रैली






नशा मुक्ति पर व्याख्यान






कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेब :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

दिनांक 01/12/2018

## //प्रेस विज्ञप्ति//

# रेड रिबन लगाकर मनाया एड्स दिवस

आज दिनांक 01.12.2018 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्राओं ने माननीय जिलाधीश श्री तरूण पिथौड़े जी, एस.डी.एम. श्री वरूण अवस्थी जी, जनपद पंचायत C.O. श्री दिलीप जैन जी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, जिला संगठक रासेयो श्री राजेश बकोरिया एवं महाविद्यालय के स्टॉफ को रेड रिबन लगाकर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ने एड्स विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा एवं जानकारी ही इसका उपचार है। उन्होने इसके फैलने के कारण तथा बचाव के तरीकों को बताते हुए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, कलेक्ट्रेट, पी.जी.कॉलेज होते हुए वापस आयी। छात्राओं ने रैली के दौरान फल, सब्जी विक्रेता, दुकानदारों एवं युवा वर्ग को पेम्फलेट्स देकर एड्स जागरूकता अभियान चलाया। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, सहायक डॉ. प्रतिभा सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसमें पूजा मेवाड़ा, आरती मालवीय, पूर्वी ठाकुर, सोनाली चौहान, तनु परिहार, संजना गड़ोदिया, सुलोचना, निधि राजेशिया, शैलजा कुशवाहा, शिवानी सेन, अंजली, आरती वर्मा, निकिता वर्मा, करिश्मा, पूजा गौर आदि को विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, निबंध, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

एड्स जागरूकता पेम्फलेट्स देते हुए






पत्रिका PLUS

SEHORE, FRIDAY 04/01/2019 { 10

ANCHOR

## बाहर की सफाई के साथ-साथ आंतरिक सफाई के महत्व को भी बताया

# कॉलेज गर्ल्स के स्वच्छता अभियान से परिसर क्लीन





सीहोर ● शासकीय कन्या कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया। उनके प्रयासों से कॉलेज परिसर में चमक उठा। परिसर में गंदगी न हो इसके लिए उन्होंने कॉलेज में डस्टबिन का भी निर्माण कराया। कॉलेज गर्ल्स की इस अभिनव पहल की सराहना की जा रही है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य ने छात्राओं को सुशासन दिवस की शपथ दिलाते हुए देश के प्रति निष्ठवान व समर्पण की भावना को रखने का संदेश दिया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सफाई अभियान चलाया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री एवं क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने छात्राओं को स्वच्छता से होने वाले फायदे को बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का निवास होता है तथा बाहर की सफाई के साथ-साथ आंतरिक सफाई के महत्व को भी बताया। इसी सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई। इसमें डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण को विस्तार से समझाते हुए कहा है कि इस संरक्षण की शुरूआत स्वयं से ही होनी चाहिए। यदि हम स्वयं जल, ऊर्जा, पेड़ आदि का संरक्षण करेंगे तभी दूसरों को भी प्रेरित कर अपनी प्रकृति को बहुत बड़े नुकसान से बचा सकते हैं। छात्रा पूजा मेवाड़ा, शैलजा, मोनिका व्यास, रिचा, आरती मालवीय, तनु परिहार, करिश्मा सोनाली चौहान आदि छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

स्वच्छता अभियान (सुशासन सप्ताह)





अनुशासन दिवस पर शपथ



पर्यावरण संरक्षण पर फिल्म



सीहोर जिला हरिभूमि 12

भोपाल, शनिवार 9 दिसंबर 2017
haribhoomi.com

# कन्या महाविद्यालय में लालिमा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से लालिमा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय प्रताप सिंह द्वारा की गई। प्राचार्य सुमन तनेजा एवं सहायक संचालक गौतमी गोलाईत द्वारा कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया गया।

परियोजना अधिकारी मोहन रैकवार, परियोजना अधिकारी अर्चना वाजपेयी एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी रोहित सिंह कौरव द्वारा कार्यक्रम में समन्वय किया गया। जिला न्यूट्रीशन कॉडिनेटर सुनिल कटारे द्वारा लालिमा योजना अंतर्गत एनीमिया के कारण, लक्षण, प्रभाव एवं बचाव के विषय पर जानकारी दी। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा एनीमिया से बचाव के लिये ''लालिमा थाली'' की प्रदर्शनी लगाई गई। डॉ. अमित राजवानी एवं डॉ. मशिरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। एनीमिक छात्राओं को आयरन की गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री दल नायक छात्रायें शंकुतला मीणा, नेहा पाटीदार, रितिका नरोदिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में ईसीसीई कॉडिनेटर प्रतिभा वंशकार, पर्यवेक्षक सीमा शर्मा, नीलम शर्मा, श्रद्धा मेहता एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्त जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण
8.12.17







10.12.17

# स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन



सीहोर | शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। जिला संगठक रासेयो सीहोर डॉ. राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया। इस शिविर में शासकीय गर्ल्स कॉलेज, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, महात्मा गांधी महाविद्यालय, सत्यसांई विश्वविद्यालय के 26 स्वयं सेवकों ने रक्तदान कर जागरूकता का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में सौरभ शर्मा, अंकित सूर्यवंशी, विभोर चौकसे, महिमा ठाकुर, निधि सिसोदिया, रानी वर्मा, राहुल स्वराष्ट्रीय, रिषभ मिश्रा, योगेश बनवारी, नरेंद्र वर्मा, अरुण खेलवाल, पंकज कुमार, सागर प्रजापति, अभिषेक मालवीय, शकुंतला मीणा, सुलोचना, योगेश महेश्वरी, सुनील भारती, नीलम गौर, रितिका, जया नाथ, उत्तम दास, मोहित विश्वकर्मा, डॉ. राजेश बकोरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. देवेंद्र बरबड़े ने भी रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त 5 लोगों ने भी रक्तदान कर शिविर में सहयोग प्रदान किया। संपूर्ण शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सीहोर दल नायक मोहित विश्वकर्मा एवं शकुंतला मीणा के नेतृत्व में हुआ। जिला अस्पताल की ओर से डॉ. पदमाकर त्रिपाठी, डॉ. पीएस आर्मो, भारती पठारिया, डीएस परमार, धर्मेंद्र मालवीय, अंबर मालवीय ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## 26 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान



सीहोर। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में जिला संगठक रासेयो सीहोर डॉ.राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस शिविर में शासकीय कन्या महाविद्यालय, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, महात्मा गांधी महाविद्यालय, सत्यसांई विश्वविद्यालय के 26 स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर जागरुकता का संदेश दिया।

जिला स्तरीय रक्तदान शिविर
(9.12.18)




रक्तदान करते महा० की छात्रा



mp.patrika.com
पत्रिका . गुरुवार . 08.02.2018

कार्यशाला...

# 'रक्तदान कर समय पर बचाई जा सकती है किसी की जान'

## कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. रेड रिबन क्लब के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रक्तदान करने प्रेरित किया गया। वहीं अन्य बीमारियों के लक्षण के बारे में बताया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पदमाकर त्रिपाठी, कॉलेज प्राचार्य सुमन तनेजा सहित छात्राएं उपस्थित थी। इस दौरान डाक्टर त्रिपाठी ने रक्तदान करने के फायदे बताए।उन्होंने कहा कि किस तरह रक्तदान करने से खुद को स्वस्थ रखने के साथ दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने टीबी जैसी गंभीर बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गई।

एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। एड्स विषय पर निबंध में अश्विनी पवार प्रथम, शकुंतला मीणा व रुक्मणि राठौर द्वितीय, नेहा मालवीय, विद्या मीणा, सुलोचना मेवाड़ा तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन में शकुंतला मीणा प्रथम, सुलोचना द्वितीय, आरती वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।



रेड रिबन कार्यशाला में पुरस्कार का हुआ वितरण।

डॉ॰ त्रिपाठी द्वारा व्याख्यान 8.2.18



7.2.18



mp.patrika.com
पत्रिका . शनिवार, 06.08.2016





आयोजन... गर्ल्स कॉलेज में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपस्थित छात्राएं।

# बालिकाओं के पांच ग्रुप में से तीन बने विजेता

## विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत गर्ल्स कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक गौतमी गोलाईत ने शिरकत की।

क्विज प्रतियोगिता 6 राउण्ड में हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं से सामान्य ज्ञान और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालिकाओं के 5 ग्रुप बनाए गए। क्विज प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता में बालिकाओं के ग्रुप ए 44 अंक प्राप्त कर प्रथम और ग्रुप ई 39.5 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा है। ग्रुप बी 38 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा है। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य सुमन तनेजा ने की। पावर पाइंट का प्रजेन्टेशन दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एकीकृत बाल विकास शहरी परियोजना की पर्यवेक्षक सीमा शर्मा, भूपेन्द्र अहिरवार, मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. प्रतिभा खरे, डॉ. जया शर्मा आदि उपस्थित थीं।



प्रतियोगिता में छात्राओं को जानकारी देते अतिथि।

दैनिक भास्कर
भोपाल, शनिवार 6 अगस्त, 2016 | 16

# छात्राओं को बताया आज की बेटी कल बनेगी मां का महत्व



गर्ल्स कॉलेज में विश्व स्तनपान कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | सीहोर

आज की बेटी कल बनेगी मां की थीम पर शुक्रवार को शासकीय गर्ल्स कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पांच राउंड किए गए। इस दौरान बच्चे के जीवन में मां का क्या महत्व है। इस तरह के 47 प्रश्न पूछे गए, जिनका जवाब छात्राओं ने ग्रुप में डिस्कस कर दिया।

विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में जिला महिला बाल विकास विभाग ने छात्राओं के बौद्धिक विकास के लिए क्विज प्रतियोगिता की। इसमें 12 छात्राओं का एक ग्रुप बनाया गया। इन्हें एक राउंड में 8 प्रश्न के सही उत्तर देने की शर्त भी रखी। महिला बाल विकास विभाग सहायक संचालक गौतमी गोलाईत ने बताया कि जिलेभर में विश्व स्तनपान का सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

**ये ग्रुप रहे अव्वल :** क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं के पांच ग्रुप ए, बी, सी, डी, ई बनाए गए। 6 राउंड के बाद पूछे गए 47 प्रश्नों में से ग्रुप ए ने 44 का सही जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ग्रुप ई 39.5 दूसरे स्थान पर रहा। ग्रुप बी 38 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ को लेकर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने पंचामृत कार्यशाला का उद्घाटन किया।

mp.patrika.com
पत्रिका . शनिवार . 17.12.2016



### डिजिटल भुगतान का प्रशिक्षण...

# मेरा मोबाइल, मेरा बटुआ, मेरा बैंक

## गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को बताए बिना कैश के भुगतन करने के विभिन्न तरीके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र की प्रशिक्षिका दिव्या शुक्ला ने शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं पीजी महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को मेरा मोबाइल, मेरा बटुआ, मेरा बैंक पर आधारित कैशलेस लेन-देन की जानकारी उपलब्ध कराई।

महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. जया शर्मा ने बिना कैश के भुगतान के विभिन्न तरीकों एवं उपायों को बताया। पीजी महाविद्यालय के रासेयो स्वयं सेवक मोहित विश्वकर्मा ने सभी छात्राओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने साथियों, गोद ग्राम, आस-पास के क्षेत्र में लोगों को कैशलेस लेन-देन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में छात्राओं को मोबाइल बैंकिंग एवं इंटरनेट बैंकिंग के बारे में भी जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में परीक्षा समाप्ति के पश्चात् बैंक के अधिकारियों के साथ भी छात्राओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वृहद स्तर पर कैशलेस भुगतान के बारे में लोगों को जागृत किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ तथा डॉ. प्रतिमा खरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। गर्ल्स कॉलेज की प्रियंका विश्वकर्मा, सरिता भदौरिया, ज्योति मालवीय, मीना वर्मा, प्रीति गौर, पीजी कॉलेज की कलावती जाटव, श्रद्धा तिवारी, नितिशा त्यागी ने प्रशिक्षण लिया।

केशलेस ट्रेनिंग (16.12.16)



mp.patrika.com
पत्रिका . शुक्रवार. 20.01.2017

# अब कन्या कॉलेज की छात्राएं भी होंगी कैशलेस

## कन्या कॉलेज में कैशलेस कार्यशाला का आयोजन



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

सीहोर ● जिले के कन्या कालेज में पढ़ने वाली छात्राएं भी अब कैशलेस ट्रांजिक्शन करेंगी। इन छात्राओं को कैशलेस ट्रांजिक्शन व बैंकिंग से जुड़े अन्य उत्पादों की जानकारी देने के लिए गुरुवार को कालेज सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से किया गया था। इस कार्यशाला में छात्राओं को एटीएम कार्ड से लेकर स्वीप मशीन तक का उपयोग सिखाया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीहोर व होशंगाबाद शाखा के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला प्रभारी प्राध्यापक राजेश बकौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को कैशलेस ट्रांजिक्शन का अभ्यस्त बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कालेज प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यशाला में एसबीआई होशंगाबाद के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने छात्राओं को क्रेडिट कार्ड, पीयूएस मशीन,एटीएम कार्ड, नेट बैंकिंग, भीम एप, मोबाइल से खाते का संचालन करने का तरीके की विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई। एसबीआई कृषि शाखा के डीके गुप्ता ने छात्राओं को नेट बैंकिंग के फायदे बताते हुए इससे देश के विकास पर भी विस्तार से जानकारी दी। गुप्ता ने बताया कि नेट बैंकिंग से जहां समय की बचत होती है वहीं करोड़ों रुपए के कागज की बचत भी की जा सकती है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ होता है। कार्यशाला को एसबीआई मुख्य शाखा के उमंग वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में पांच-पांच मास्टर ट्रेनर छात्राओं का चयन भी किया गया। इस मौके पर डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. जया शर्मा भी मौजूद थी।

दिनॉक 3.01.17 को बैंक द्वारा Cashless Training






mp.patrika.com
पत्रिका . गुरुवार, 09.02.2017

शिविर

# 'मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने छह घंटे की नींद जरूरी'

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांची डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों की सेहत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



सीहोर: स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में छात्राओं की जांची सेहत।

**सीहोर.** प्रतिदिन 6 से 8 घंटे की नींद हर हफ्ते नाखून काटना हफ्ते में एक बार शैम्पू करना समय पर भोजन करना हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। गर्ल्स कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, रेडक्रास एवं यूजीसी के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में यह बात जिला अस्पताल के मेडीकल विशेषज्ञ डॉ. आरके वर्मा मेडीकल ने अपने व्याख्यान में कहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा एवं उपचार के साथ-साथ मलेरिया, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों के कारण व बचने के उपायों को बताते हुए सरकारी योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, टीबी मरीज को महीने तक मुफ्त दवा का वितरण हेल्प सेंटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला क्षय अधिकारी डॉ. पदमाकर त्रिपाठी ने ब्लड प्रेशर डायबिटीज, टीबी स्किन संबंधी समस्याओं के कारणों एवं उपायों को बताया। उन्होंने भोजन में जंक फूड न लेकर रेशेदार भोजन लेने की सलाह दी। भुनी अलसी एवं रागी आदि को स्वस्थ रहने के लिये उत्तम बताया।

एड्स सलाहकार डॉ. पुष्पा साहू ने छात्राओं को एड्स व भ्ट के चार कारणों को बताते हुये कहा कि एड्स की सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। व्याख्यान के पश्चात जांच परीक्षण टीम रेशमा चौधरी, गोपाल राठेर, दीपक वर्मा द्वारा छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप, वजन आदि का परीक्षण किया। शिविर में लगभग 150 छात्राओं तथा समस्त स्टॉफ की रक्त जॉच एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश बकोरिया जिला संगठक रासेयो, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी, डॉ दिव्या मिश्रा, डॉ जया शर्मा, डॉ प्रतिमा खरे, डॉ. ईएल जैन, डॉ राकेश खरे, डॉ. नीलम वासनिक, स्वय सेवक प्रियंका विश्वकर्मा, ज्योति मालवीय, राशिका यादव, प्रीति राठेर, योजना चौरसिया, शकुन्तला , विद्या, मीना का सहयोग रहा।

14 नवदुनिया
भोपाल, मंगलवार 07 मार्च 2017



www.naidunia.com

# शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने कराया दांतों का परीक्षण

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, वरेड क्रास के संयुक्त तत्वावधान में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीनाथ जी डेंटल क्लीनिक से आए डॉ. नीतेश गौर व डॉ. अंकिता श्रीवास्तव का एनएसएस बैज व तिलक से स्वागत किया गया। इसके बाद डॉ. अंकिता ने छात्राओं को पायरिया, दांतों की सड़न, दांतों से खून आना, केविटी होना आदि के कारणों से अवगत कराया साथ दांतों की सफाई तथा ब्रश करने के उचित तरीके का प्रदर्शन कर छात्राओं को समझाया।

डॉ. नितेशगौर ने दोनों समय ब्रश से दांतों की सफाई, दो से तीन महीने में ब्रश को बदलना, माउथ वाश से मुंह की सफाई को आवश्यक बताया। माउथ वाश न होने की स्थिति में गुनगुने पानी में दो चम्मच नमक डाल कर कुल्ला करने से भी सफाई होती है। यदि दांतों की उचित देखभाल प्रारंभ से ही की जाये तो दांतों से होने वाली सभी गंभीर बीमारियों से दांतों को बचाया जा सकता है।



सीहोर। दांतों की जांच करते हुए डॉक्टर।

शिविर में लगभग 100 छात्राओं और स्टॉफ का परीक्षण किया गया। कैमरे द्वारा छात्राओं को उनके दांतों की वास्तविक स्थिति दिखाई गई। सम्पूर्ण कैंप डॉ. जीएल जैन रेडक्रास प्रभारी, डॉ. राजेश बकोरिया जिला संगठक रासेयो व डॉ. मंजरीअग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यामीणा, दीप्ति नवल, माधवी मालवीय, प्रीति राठौर, निधि टाँक, प्राची बिसौरिया, पूजा विश्वकर्मा, शिवानी प्रजापति, प्रियंका विश्वकर्मा, ज्योतिमालवीय का विशेष सहयोग रहा।

दंत चिकित्सा परीक्षण 6.3.16






mp.patrika.com
पत्रिका .गुरुवार . 09.03.2017

# तरक्की'



गर्ल्स कालेज में शिक्षिकाओं को किया सम्मानित।

## सहजयोग से तनाव मुक्त रहने की सीख

गर्ल्स कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सहजयोग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहजयोग संस्था के ठिल्स डासानिया, वन्दना वासवानी, अशोक परमार, दिनेश मीणा, छोटू डासानिया, प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, ग्रन्थपाल डॉ. राकेश खरे का स्वागत किया गया। डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ।

महिला सशक्तिकरण 8.3.17 (सहजयोग)





दैनिक भास्कर भोपाल, बुधवार 2 मार्च, 2016 15

## नेत्र शिविर में जांची छात्राओं की आंखें

सीहोर | शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें आंखों की उचित देखभाल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आंखों की उचित सफाई, समय से जांच, समुचित पोषण, उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है।

बुधवार. 02.03.2016 पत्रिका

# 'आंखों की उचित देखभाल जरूरी'

सीहोर @ पत्रिका

mp.patrika.com

आंखों की उचित सफाई, समय से आंखे की जांच, समुचित पोषण उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आंखों की उचित देखभाल के बारे मे बताया।

### गर्ल्स कॉलेज में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान मे नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इसके साथ ही उनके सहयोगी प्रभात जैन ने महाविद्यालय की छात्राओ का नेत्र परीक्षण किया।जिसमें पदमिनी परमार, किरण सूर्यवंशी, कविता मेवाड़ा, पूजा बारिया,रचना मेवाड़ा, दीक्षा उपाध्याय,डाली खत्री, ज्योति अहिरवार आदि छात्राओं की नेत्र संबंधी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीएल जैन एवं आभार व्यक्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया।

85

नेत्र परीक्षण (1.3.16)





# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore


## राष्ट्रीय एकता दिवस

## प्रतिवेदन

दिनांक 31/10/2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जंयती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। इस अवसर पर उन्होने छात्राओं को युवा शक्ति बताते हुए देश के भविष्य का निर्माता कहा तथा नारी शक्ति के महत्व को बताते हुए राष्ट्र की एकता एंव अखण्डता के लिए एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी अवसर पर महाविद्यालय में रासेयों प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं स्वंय सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें 'स्वच्छता ही अच्छें स्वास्थ्य की कुंजी है' का संदेश दिया गया।

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

Run for unity – 31·10·15





स्वच्छता अभियान - 15.10.15






नवदुनिया
www.naidunia.com
भोपाल, बुधवार 30 दिसंबर 2015

# कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण



सीहोर। छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए।

**सीहोर(ब्यूरो)।** मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना और प्रतिभा बैंक के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 छात्राओं का परीक्षण किया गया। परीक्षण डॉ. नीलम शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी पीएचसी बमूलिया द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को सर्दी से बचाव, पोषण आहार, आयरन की कमी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की समस्याओं का निवारण करते हुए उन्होंने होम्योपैथिक दवा भी प्रदान की। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रतिभा बैंक प्रभारी डॉ. सुधा लाहोटी और रासेयो प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। परीक्षण में विद्या मीणा, शकुंतला मीणा, सरिता भदौरिया, रीना मालवीय, रसना वर्मा, प्रियंका विश्वकर्मा, ज्योति मालवीय आदि ने दवाईयां प्राप्त की।

स्वास्थ्य परीक्षण - 29.12.15




स्वास्थ्य संबंधी जानकारी 29.12.15



भोपाल, मंगलवार 19 जनवरी 2016 | नवदुनिया | 15

## यातायात नियमों जानकारी देकर किया जागरूकता

सीहोर(ब्यूरो)। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में यातायात सप्ताह तहत बीरस अमलियार, एसआई, तायाल और दीवान शशिकांत शर्मा रा महाविद्यालय की छात्राओं को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। श्री शर्मा ने छात्राओं को ट्रैफिक लाइट,जेब्रा क्रासिंग, यातायात को रोकने के छः संकेत आदि संबंधी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय लाइसेंस, प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन आदि जैसे जरूरी दस्तावेज का होना, हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधना, इंडीकेटर का प्रयोग, मोबाइल पर बात न करना, नियंत्रित गति से वाहन चलाना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना आदि को आवश्यक बताया। इसी अवसर पर प्रश्न प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा निहारिका राय, पूजा वारिया तथा रश्मि माहेश्वरी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन रासेयो प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

यातायात सप्ताह - 12·1·16






# पैंटिंग में उकेरी आदर्श आंगनबाड़ी



सीहोर। पैंटिंग स्पर्धा में आदर्श आंगनबाड़ी बनाते हुए छात्राएं


plus रिपोर्टर
plusreporter@patrika.com


आदर्श आंगनबाड़ी कैसी होना चाहिए मन की भावनाओं को छात्राओं ने पैंटिंग के माध्यम से उकेरा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी चलो अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पैंटिंग प्रतियोगिता का विषय आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र रखा गया था। छात्राओं ने बताया अपने हाथों से आदर्श आंगनबाड़ी के चित्र कागज पर उकेरना मन को सुकून देने वाला है। आंगनबाड़ियों से छोटे बच्चों और महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं को समुदाय में जागरूकता पैदा करना था। महिला बाल विकास विभाग की कलेमिन टीना टोप्पो कहती है कि प्रतियोगिता में कॉलेज की 21 छात्राओं ने पैंटिंग के माध्यम से आदर्श आंगनबाड़ी का चित्रांकन किया। इनमें सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी का चित्रांकन के लिए प्रवीण चतुर्वेदी को चुना गया। सोनिका द्वितीय और तृतीय जैनत रहीं। आंगनबाड़ी चलो अभियान के तहत क्विज, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजयी छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार दिए गए। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम जैनब इलियास, द्वितीय पुरस्कार निकिता सांवले एवं तृतीय पुरस्कार उर्वशी विनोदा को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता प्रथम रिशिका यादव, द्वितीय पुरस्कार तनिष्का खत्री एवं तृतीय पुरस्कार मनीषा चौहान को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता प्रथम प्रवीण चतुर्वेदी, द्वितीय पुरस्कार जैनब इलियास एवं तृतीय पुरस्कार सिनिका सिंह को दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव सिंह द्वारा आंगनबाड़ी चलो अभियान एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से दी जाने वाली सेवाएं टीकाकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार एवं वृद्धि एवं विकास विषय में जानकारी दी गई तथा समुदाय की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।



सीहोर। पैंटिंग स्पर्धा में आदर्श आंगनबाड़ी बनाते हुए छात्राएं


पत्रिका SEHORE
FRIDAY 24.07.15 10

आंगनवाड़ी चलो - 20.7.15




चित्रकला प्रतियोगिता



पुरस्कार प्राप्त करती छात्राएँ




चित्रकला प्रतियोगिता



पत्रिका plus

भोपाल . शुक्रवार . 24. 07. 2015

HELTH WITH EDUCATION

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों पर 20 जुलाई से शुरू होगा योग का प्रशिक्षण

# शिक्षा के साथ-साथ सेहत की सीख भी

plus रिपोर्टर
plusreporter@patrika.com

उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सेहत की सीख भी दी जा रही है। इसके तहत कॉलेज के विद्यार्थियों को योग सिखाया जा रहा है। गर्ल्स कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र से इस योजना को इसे अमली जामा पहनाने शुरू कर दिया है।

गर्ल्स कॉलेज में योग की कक्षाएं शुरू हो गई है। ये कक्षाएं कोर्स की कक्षाओं के अलावा लगाई जा रही हैं। इसमें योग की कक्षाओं में शामिल होने या न होने का फैसला भी विद्यार्थियों को स्वयं करना है।हालांकि विभाग की यही कोशिश है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को योग से जुड़कर अपनी सेहत का भी खास ख्याल रखें, लिहाजा योग के जरिए तनाव मुक्ति का संदेश भी दिया जा रहा है। कॉलेज प्राचार्य सुमन तनुजा कहती हैं कि उच्च शिक्षा विभाग की इस पहल का छात्राओं को लाभ मिलना शुरू हो गया है। कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के सहयोग से मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों पर 20 जुलाई से योग का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। यह आगामी 30 अगस्त तक चलेगा। इसी के साथ उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज के विद्यार्थियों को योग के अलावा नैतिक शिक्षा भी देने का निर्णय लिया है। कॉलेज में योग के माध्यम से विद्यार्थियों को निरोगी काया का पाठ सिखाया जाएगा वहीं नैतिक शिक्षा के जरिए समाज और राष्ट्र के प्रति युवाओं को कर्तव्य और दायित्वों का बोध कराया जाएगा। इसके साथ ही आधुनिकता की दौड़ में भागती युवा पीढ़ी को बड़ों के आदर और सम्मान की सीख भी किताबी ज्ञान के साथ दी जाएगी।



सीहोर. योग का प्रशिक्षण लेती गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

## कॉलेज के प्रोफेसर भी लेंगे योग में हिस्सा

योग शिक्षक रेखा गोहिया ने बताया कि इस समय योग क्लास में साठ छात्राएं हिस्सा ले रही हैं। मार्निंग के समय छात्राओं को योग से सेहत की सीख दी जा रही है। इसी तरह शाम की शिफ्ट में बच्चों के अलावा कॉलेज स्टाफ भी योग कक्षा में योग से लाभ ले रहा है। बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा रीना मालवीय बताती है कि शिक्षा के साथ सेहत की सीख से काफी लाभ मिल रहा है। छात्रा सरिता मालवीय, ममता मालवीय का कहना है कि योग से स्वच्छ रहने का राज वास्तव में काफी लाभदायक है।

23

योग प्रशिक्षण - २१.७.15

